eVidyaloka
To Educate - Anywhere Anytime

अभ्यास पत्रिका क्रमांक : WT_6S_6.1_UBSE		उत्तराखण्ड शिक्षण बोर्ड
कक्षा : **6**	विषय : विज्ञान	दिनांक : 07/05/2021

पाठ क्रमांक व नाम : पाठ - 6, हमारे चारों ओर के परिवर्तन

उपविषय : क्या सभी परिवर्तन सदैव उत्क्रमित किए जा सकते हैं ?

	खण्ड - 1
प्रश्न 1	निम्नलिखित को उत्क्रमित परिवर्तन या अनुत्क्रमित परिवर्तन के रूप में वर्गीकृत करें:
क)	रबर स्ट्रिंग को खींचना |
उत्तर:	रबर स्ट्रिंग को खींचना उत्क्रमित परिवर्तन है |
ख)	भोजन पकाना ।
उत्तर:	भोजन पकाना अनुत्क्रमित परिवर्तन है |
प्रश्न 2	सही या ग़लत बताएं |
क)	गुब्बारे का फूलना उत्क्रमित परिवर्तन होता है, परंतु गुब्बारे का फटना नहीं |
उत्तर:	सही |
ख)	आप लकड़ी के बुरादे से लकड़ी प्राप्त कर सकते हैं |
उत्तर:	नहीं, क्योंकि यह एक उत्क्रमित परिवर्तन नहीं है |
प्रश्न 3	
उत्तर:	यह एक उत्क्रमित परिवर्तन है क्योंकि इस जहाज को खोलने पर वापस से कागज मिल जाएगा |
	खण्ड - 2
प्रश्न 4	क्या हम कह सकते हैं कि एक कपड़े को इस्त्री करना एक उत्क्रमित परिवर्तन है? कारण बताएं |

eVidyaloka
To Educate - Anywhere Anytime

उत्तर:	इस्त्री करने से कपड़ों की झुर्रियां दूर हो जाती हैं, जो उसी स्थिति में वापस आ सकती हैं। इसलिए, एक कपड़े को इस्त्री करना एक उत्क्रमित परिवर्तन है।
प्रश्न 5	क्या वनों की कटाई को उत्क्रमित परिवर्तन माना जा सकता है? क्यों अथवा क्यों नहीं ?
उत्तर:	नहीं, वनों की कटाई को उत्क्रमित परिवर्तन नहीं माना जा सकता है क्योंकि कटाई के बाद वही पेड़ वापिस नहीं लगाया जा सकता है।
खण्ड - 3	
प्रश्न 6	कागज का जलना व फटना दोनों ही उत्क्रमित परिवर्तन हैं | हाँ या नहीं | विस्तार से समझाएँ |
उत्तर:	जब हम कागज का एक टुकड़ा फाड़ते हैं, तो वह कागज ही रहता है, किसी नये पदार्थ में नहीं बदलता | इसलिए कागज का फटना उत्क्रमित परिवर्तन है | जबकि, जब हम कागज का एक टुकड़ा जलाते हैं, तो वह राख और धुएं में बदल जाता है | इसलिए कागज के टुकड़े को जलाना एक उत्क्रमित परिवर्तन नहीं है।
प्रश्न 7	ऐसे परिवर्तनों के 6 उदाहरण दीजिए जो अपने आप होते हैं।
उत्तर:	हमारे आसपास कई परिवर्तन अपने आप हो रहे हैं। उदाहरण के लिए: 1. खेतों में फसलों का पकना | 2. पेड़ों से पत्तियां गिरती हैं | 3. फूल खिलते हैं और फिर मुरझा जाते हैं | 4. बाल और नाखून का बढ़ना। 5. लोहे की चीजों पर जंग लगना | 6. मौसम का बदलना | (बच्चा उत्तर अपनी सोच के अनुसार लिखेगा, ये उत्तर सिर्फ संदर्भ के लिए हैं |)